वी. यू. में ऑल ब्रीड ओपन डॉग शो का आयोजन
डॉग शो प्रगति का सूचक – महेश चंद्र चौधरी जी

नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के अंतर्गत पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय परिसर में 11वें ऑल ब्रीड ओपन डॉग शो का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। इस कार्यक्रम में 24 प्रजातियों के 140 श्वानों ने अपने मालिकों एवं ट्रेनर के साथ भाग लिया। इस प्रतियोगिता में जबलपुर के अतिरिक्त सागर एवं दमोह से आए श्वानों की प्रतिभागिता महत्वपूर्ण रही।

डॉग शो के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि श्री महेश चंद्र चौधरी, (आई.ए.एस.) जिलाध्यक्ष जबलपुर एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. प्रयाग दत्त जुयाल ने की। विशिष्ट अतिथि कर्नल रावत थे। इस अवसर पर श्री चौधरी ने कहा कि डॉग शो का आयोजन समाज की प्रगति का सूचक है। ये मनुष्यों में आनंद प्रदान करने का एक साधन है। मैं मध्यप्रदेश सरकार के पास एक प्रस्ताव

भेजकर श्वान पालन को शासन के आनंदम विभाग में शामिल कराने का प्रयास करूँगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वि.वि. के माननीय डॉ. जुयाल ने कहा कि आज "पैट थेरेपी" हो रही है जिससे मुनष्यों के स्वास्थ्य में फायदा हो रहा है। आज समाज में परिवार सिकुड़ रहे है। मॉं बाप भारत में रहते है एवं बच्चे विदेश में रहते है, ऐंसे समय में बुढ़ापे का सहार श्वान ही है।

आयोजित प्रतियोगिता में यह पहला मौका था, जब जबलपुर में "अकिता" नामक प्रजाति शामिल हुई। यह जापान में पाई जाने वाली प्रजाति है एवं "हचिको" नामक विश्व प्रसिद्ध कहानी इसी श्वान पर आधारित थी। इसके अतिरिक्त अमेरिकन बुली, पाकिस्तानी बुली, राजापालायम, बॉक्सर, बुल मैस्टिफ, डालमेशन, डॉवरमैन, फ्रैंच मैस्टिफ, जर्मन शेफर्ड, गोल्डन रिट्रीवर, ल्हासा एप्सो, नेपोलियन मैस्टिफ, पिट बुल, आकर्षण का केन्द्र रहे। निर्णायक के रूप में कलकत्ता से पधारे श्री देवकुमार सुर की भूमिका रही। समापन समारोह में श्री पी.के. अग्रवाल, कमिश्नर, जी.एस.टी. मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। जिन्होंने ऐसे आयेजन की प्रशंसा की।

फैंसी ड्रेस प्रतियोगिताः— इस अवसर पर विभिन्न प्रजातियों के श्वान रंगविरंगे परिधानों में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में शामिल हुए। ये रहे फैंसी ड्रेस के विजेताः—

क्रमांक	**श्वान का नाम**	**मालिक का नाम**
1	मोजो	चैतन्य सिंह
2	ब्रायन	अपूर्वा ठाकुर
3	बोल्ट	संकेत शर्मा

निर्णायक गण :— डॉ. श्रीकांत जोशी
(फैंसी ड्रेस) डॉ. पॉम्पा दत्ता
डॉ. सतीश मुलतानी

सांतवना पुरूस्कार :—"को को" (पामेरेनियन)
श्री एस चक्रवर्ती
उम्र —18 वर्ष (अधिकतम उम्र का श्वान)

ये रहे विजेता :— बेस्ट 8 ऑफ शो

स्थान	**श्वान का नाम**	**ब्रीड**	**मालिक का नाम**
प्रथम (पहला)	बडी	जर्मन	हरप्रीत सिंह नामरा
द्वितीय (दूसर)	शैजे	डॉबर मैन	निर्मल

तृतीय (तीसरा)	ब्राइन	गोल्डन रिट्रीवर	अपूर्वा ठाकुर
चौथा	जिया	जर्मन शेफर्ड	विशाल रजक
पॉचवा	जॉली	लेब्राडोर	मनीष कुमार गुप्ता
छटवॉ	अपोलो	ग्रट डैन	मोहित जाधव
सातवॉ	बर्फी	नीगल	राज कावरा
आठवॉ	लियो	सइबेरियन हस्की	विकी
बेस्ट ऑफ पपी	जॉली	लेब्राडोर	मनीष कुमार गुप्ता

इस कार्यक्रम के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका एवं उल्लेखनीय उपस्थिति रही – डॉ. आर.पी.एस. बघेल (अधिष्ठाता), डॉ. रनधीर सिंह, डॉ. एस.एन शुक्ला, डॉ. देवेन्द्र कुमार गुप्ता, डॉ. ओ.पी. श्रीवास्तव, डॉ. व्ही.पी. चंद्रपुरिया, डॉ. पी.सी. शुक्ला, डॉ. सुधीर यादव,, डॉ. एस.के. श्रीवास्तव, डॉ. मधु स्वामी, डॉ. अपरा शाही, डॉ. संजय अग्रवाल, डॉ. शशिकांत महाजन, डॉ. अंजू नायक, डॉ. राखी वैश, डॉ. शोभा जावरे, डॉ. ब्रजेश सिंह, डॉ. अरून मौर्य, डॉ. भावना, डॉ. निधि, डॉ. अर्पना, डॉ. अमिता, डॉ. अरून, डॉ. भानु, डॉ. रनबीर, डॉ. सोमिल, डॉ. शशि, डॉ. संजय वर्मा,

कार्यक्रम का संचालन डॉ. अमिता तिवारी, डॉ जॉयसी जोगी, डॉ. पूनम शाक्या के साथ डॉ. अंजली, शिवांगी, तनिशा, रिशभ और चारू ने किया। इसके अतिरिक्त छात्र एवं छात्राओं का योगदान अतुलनीय रहा।

सूचना एवँ जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर (म.प्र.)